सौभाग्य · saubhagya.net · आसान गाइड

वोटर पर्ची PDF कैसे मँगाएँ

पंच · सरपंच · पंचायत समिति सदस्य · ज़िला परिषद सदस्य — अपने क्षेत्र के हर मतदाता की पर्ची और 4 सूचियाँ, WhatsApp पर

शुरू करने के लिए:
मोबाइल के Chrome में
👉 **saubhagya.net**
खोलिए और यह बटन दबाइए: **वोटर पर्ची PDF**

ऑर्डर पेज 6 हिस्सों में है — क्या चाहिए → क्षेत्र → डिज़ाइन → बैनर / प्रत्याशी → आपकी जानकारी → पुष्टि। हर हिस्सा भरते ही अगला खुलता है; कुछ बदलना हो तो उस हिस्से पर "✎ बदलें"।

1. क्या चाहिए

1. **वोटर पर्ची PDF** दबाते ही ऑर्डर पेज खुलेगा — पहले हिस्से "क्या चाहिए" में 📄 **वोटर पर्ची — PDF** पहले से चुना होगा (नीचे लिखा मिलेगा: आपको मिलेंगी 5 PDF + बिल)।

2. क्षेत्र

1. 🌾 **पंचायत चुनाव** चुना रहने दीजिए (नगर निकाय नहीं)।
2. **ज़िला** चुनिए।
3. **पद** चुनिए — **पंच** (ग्राम पंचायत का एक वार्ड) / **सरपंच** (पूरी ग्राम पंचायत) / **पंचायत समिति सदस्य** / **ज़िला परिषद सदस्य**।
4. फिर **पंचायत समिति** → **ग्राम पंचायत** → (पंच हैं तो) **वार्ड**; पं.स. / ज़ि.प. सदस्य हैं तो अपना **निर्वाचन क्षेत्र**। हर खाने में 🔍 नाम या नंबर लिखकर खोज सकते हैं।
5. चुनते ही नीचे दिखेगा — **कितने मतदाता × कितने पैसे = ₹ कितना**। (अभी: पंच 15 पैसे प्रति मतदाता; सरपंच / पं.स. / ज़ि.प. 10 पैसे; फ़ोटो वाली पर्ची 20 / 15 पैसे।)
6. एक साथ कई वार्ड / क्षेत्र चाहिए तो **➕ यह क्षेत्र जोड़िए, फिर दूसरा चुनिए** दबाकर अगला क्षेत्र चुनते जाइए — एक ही भुगतान, हर क्षेत्र की अलग PDF।

3. डिज़ाइन

1. **डिज़ाइन चुनिए** वाली सूची खोलिए — डिज़ाइन इस क्रम में समूहों में हैं: **S-सीरीज़** (चुनाव चिन्ह व प्रत्याशी की पट्टी: SR-10 चिन्ह दायीं ओर, SL-10 बायीं ओर) → **A-सीरीज़** (प्रत्याशी का विज्ञापन / बैनर: AT-9, AT-8, AL-8, AR-8, AL-8a, AR-8a, AT-4, AL-4, AR-4) → **Ph-सीरीज़** (मतदाता की फ़ोटो सहित: Ph-16 … Ph-4W) → **PhA-सीरीज़** (बैनर + फ़ोटो) → **P-सीरीज़** (सादी: P-16, P-12, P-12W, P-10, P-9, P-8, P-6, P-6W, P-4, P-4W)।
2. नाम का मतलब: अक्षर = किस तरह की पर्ची, संख्या = एक पेज पर कितनी पर्चियाँ (16 सबसे छोटी, 4 सबसे बड़ी), **W** = चौड़ा (landscape) पेज, **a** = पूरी चौड़ाई वाला विज्ञापन।
3. डिज़ाइन चुनते ही नीचे उसका **नमूना चित्र** दिखता है — पसंद न आए तो दूसरा चुन लीजिए। "और विकल्प" में पर्चियों के बीच की जगह / हाशिया बदल सकते हैं (ज़रूरी नहीं)।

कौन-सी डिज़ाइन लें? सिर्फ़ मतदाता का नाम-क्रम-बूथ चाहिए → P-सीरीज़ (सबसे सस्ती, सबसे ज़्यादा पर्चियाँ)। अपना चुनाव चिन्ह और नाम छपवाना है → S-सीरीज़। अपना बैनर / फ़ोटो वाला विज्ञापन → A-सीरीज़। हर पर्ची पर मतदाता की फ़ोटो → Ph (नीचे भाग 4 देखिए)।

4. फ़ोटो वाली पर्ची (Ph / PhA) चाहिए तो

हर पर्ची पर उस मतदाता की फ़ोटो छपती है — बूथ पर पहचान आसान। इसके लिए आयोग की फ़ोटो वाली मतदाता सूची चाहिए।

1. **फ़ोटो वाली मतदाता सूची (PDF)** रिटर्निंग अधिकारी / BDO कार्यालय से मिलती है — वह **candidate copy** लीजिए जिसमें हर मतदाता की **असली फ़ोटो छपी** हो। जिस सार्वजनिक प्रति में फ़ोटो की जगह सिर्फ़ "Photo is Available" लिखा होता है, उससे काम नहीं चलता।
2. सूची PDF अपने फ़ोन / कंप्यूटर में रखिए (हर वार्ड की अलग PDF हो तो सब)।
3. ऑर्डर पेज के "डिज़ाइन" हिस्से में **📎 फ़ोटो वाली मतदाता सूची (PDF) यहीं लगाइए** दबाइए → अपनी PDF चुनिए (एक से ज़्यादा हों तो **सब एक साथ** चुन लीजिए, या एक-एक करके जोड़ते जाइए) → नीचे **सहमति** वाले खाने में ✔ लगाइए।
4. सिस्टम सूची जाँचता है और फ़ोटो निकालता है (कुछ मिनट लग सकते हैं) — फिर दिखाता है कि कितने वार्ड / कितने मतदाता की फ़ोटो मिली। कोई वार्ड छूटा हो तो **लाल खाना** बताएगा — वह PDF भी लगाइए, तभी ऑर्डर आगे बढ़ेगा।

5. अब डिज़ाइन में **Ph-सीरीज़** (या बैनर के साथ PhA) चुनिए — या हरा बटन **📷 हाँ, फ़ोटो वाली पर्ची चाहिए** दबाइए। फ़ोटो वाली पर्ची का रेट थोड़ा ज़्यादा है (20 / 15 पैसे प्रति मतदाता)।

⚠ पूरक सूची (नए जुड़े मतदाता) में आयोग फ़ोटो / पहचान-पत्र क्रमांक नहीं छापता — उन मतदाताओं की पर्ची पर फ़ोटो की जगह खाली डिब्बा रहता है, बाकी जानकारी पूरी छपती है।

5. बैनर / प्रत्याशी (S और A सीरीज़ में)

1. **S-सीरीज़:** **नाम / चिन्ह / क्रम संख्या भरें** चुनकर प्रत्याशी का **नाम (हिंदी में)**, **चुनाव चिन्ह** (हिंदी या English में खोजिए — कमल, lotus...) और **बैलेट क्रम संख्या** भरिए। "पट्टी में क्या-क्या छपे" में चुन सकते हैं कि नाम / चिन्ह / चिन्ह का नाम किस क्रम में छपें। या **तैयार तस्वीर लगाएँ** से अपनी बनी-बनाई तस्वीर लगाइए।

2. **A-सीरीज़:** **📷 बैनर की तस्वीर लगाइए** दबाकर अपना बैनर / फ़ोटो लगाइए। "📋 नाप कॉपी करें" से बैनर की सही नाप मिलती है (डिज़ाइनर को दे दीजिए)। नाप अलग हो तो पेज पूछता है — "पूरी तस्वीर", "खींचकर पूरा खाना भरें" या "किनारे काटकर भरें" में से चुनकर **ठीक है, आगे बढ़ें** दबाइए।

3. **चिन्ह अभी नहीं मिला?** नाम / क्रम संख्या खाली छोड़कर **ठीक है — अभी खाली रहने दें, बाद में भरेंगे** दबाइए — PDF बनने से पहले यह जानकारी भरनी होगी (WhatsApp के बटन से ऑर्डर पेज खोलकर), या हमें WhatsApp पर भेज दीजिए।

6. आपकी जानकारी और पुष्टि

1. **WhatsApp नंबर** (10 अंक) लिखिए — यही सबसे ज़रूरी है, फ़ाइलें इसी पर आएँगी। नाम और GST नंबर वैकल्पिक हैं।

2. "पुष्टि" में **मतदान दिनांक** देखिए — यही पर्ची पर छपेगी; सही हो तो **"मैंने मतदान दिनांक जाँच ली"** पर ✔ लगाइए। नीचे लिखा मिलेगा कि आपको कौन-सी 5 PDF + बिल मिलेंगे।

3. **ऑर्डर करें** दबाते ही स्क्रीन पर आपका **ऑर्डर नंबर** (जैसे VS2345) आएगा और आपके फ़ोन का **WhatsApp अपने-आप खुलेगा** जिसमें हमारे नंबर के लिए संदेश पहले से लिखा होगा — बस **Send (➤)** दबा दीजिए। (WhatsApp न खुले तो पेज पर हरा बटन **🟢 WhatsApp पर भेजिए →** दबाइए।) इसी से आपका ऑर्डर आपके WhatsApp से जुड़ता है — QR, फ़ाइलें और हर सूचना वहीं आएगी।

4. WhatsApp से वापस पेज पर आइए। वहाँ लिखा होगा **ऑर्डर: VS...** और **पासवर्ड: .....** — 📋 **दोनों कॉपी करें** दबाकर इन्हें **कहीं सँभालकर रख लीजिए** (कागज़ पर लिखें या अपने ही नंबर पर WhatsApp कर लें)। इन्हीं दोनों से बाद में अपना ऑर्डर पेज दोबारा खुलता है; किसी और को न बताइए।

7. भुगतान

पंच / सरपंच: पहले भुगतान, फिर PDF। पंचायत समिति / ज़िला परिषद सदस्य: पहले WhatsApp पर पुष्टि और भुगतान-लिंक आता है।

1. पंच / सरपंच का ऑर्डर **पहले भुगतान** वाला है — ऑर्डर नंबर के साथ ही लाल बटन 💳 **भुगतान करें** और QR दिखता है; ज़्यादातर मोबाइल पर **PhonePe का भुगतान पेज अपने-आप खुल** जाता है।
2. ऑर्डर जुड़ते ही 1–2 मिनट में WhatsApp पर **ऑर्डर की पुष्टि** (मतदाता, राशि, लगभग समय) और फिर **"भुगतान करें"** बटन वाला संदेश आता है। बटन दबाइए → PhonePe का भुगतान पेज खुलेगा।
3. वहाँ जो आपके पास हो चुनिए — **UPI ऐप** (PhonePe / Google Pay / Paytm), **QR**, **कार्ड** या **नेट-बैंकिंग** — और पैसा दे दीजिए। भुगतान होते ही पेज पर "भुगतान मिल गया" आ जाता है और PDF बनना शुरू।
4. **भुगतान पेज न खुले तो:** ऑर्डर पेज पर दिख रहे **QR** को किसी भी UPI ऐप से स्कैन करके ठीक उतनी ही राशि भेज दीजिए (राशि अपने-आप मिलती है, नोट में कुछ लिखना ज़रूरी नहीं)। WhatsApp पर आया **"भुगतान करें"** बटन भी यही काम करता है।
5. पैसा देने के 10 मिनट बाद भी "भुगतान मिल गया" न आए तो हमें WhatsApp पर **ऑर्डर नंबर + भुगतान का स्क्रीनशॉट** भेजिए।

8. फ़ाइलें WhatsApp पर

1. भुगतान के बाद WhatsApp पर **5 PDF** अलग-अलग संदेशों में आती हैं — (1) वोटर पर्ची, (2) हिंदी वर्णमाला क्रम सूची, (3) English alphabetical सूची, (4) हिंदी नाम – English क्रम सूची, (5) परिवार-वार सूची — और सबसे आख़िर में **बिल**। कई क्षेत्र चुने हों तो हर क्षेत्र की अपनी 5 फ़ाइलें। बड़े क्षेत्र में पर्ची वाली PDF आने में कुछ मिनट लगते हैं (लगभग हर 2,000 मतदाता पर 2 मिनट)।
2. हर PDF पर दबाकर एक बार **डाउनलोड** कर लीजिए (↓ वाला निशान) — फिर वह आपके फ़ोन में रहेगी।

3. वही फ़ाइलें वेबसाइट पर भी हैं: WhatsApp संदेश का **फ़ाइलें डाउनलोड** बटन दबाइए → आपका ऑर्डर पेज खुलेगा → **"⬇ आपकी फ़ाइलें"** में सब PDF और बिल। या saubhagya.net → वोटर पर्ची PDF → **⬇ अपना ऑर्डर डाउनलोड करें** → ऑर्डर नंबर + पासवर्ड।

9. प्रिंट करवाना

1. पर्ची वाली PDF प्रिंट की दुकान (फ़ोटो-स्टेट / साइबर कैफ़े) को WhatsApp पर **forward** कर दीजिए, या फ़ोन उनके कंप्यूटर से जोड़कर दीजिए।
2. उनसे कहिए: **"A4 कागज़, पूरे पेज पर (fit to page / 100%), एक तरफ़ प्रिंट"**। "W" वाली डिज़ाइन (जैसे P-12W) चौड़े (landscape) पेज की होती है — प्रिंट में भी landscape रखें।
3. प्रिंट के बाद बीच की लाइनों से पर्चियाँ काट लीजिए — डिज़ाइन के अनुसार एक पेज पर 16 / 12 / 10 / 9 / 8 / 6 / 4 पर्चियाँ होती हैं।

✔ पर्ची पर छपता है: मतदाता का नाम, क्रम संख्या, वार्ड, पिता/पति, मकान नं., उम्र/लिंग, Voter ID, मतदान केन्द्र (बूथ, कमरा नं.) और ऊपर की पट्टी में मतदान की तारीख, दिन व समय।

अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

पैसा दे दिया, पर "भुगतान मिल गया" नहीं आया?

5–10 मिनट रुकिए; फिर ऑर्डर नंबर और भुगतान का स्क्रीनशॉट हमें WhatsApp कीजिए।

ऑर्डर नंबर / पासवर्ड भूल गए?

हमारे भेजे किसी भी WhatsApp संदेश का बटन ("भुगतान करें" / "फ़ाइलें डाउनलोड") दबाइए — ऑर्डर पेज पासवर्ड समेत सीधा खुलता है। वेबसाइट पर "ऑर्डर नंबर / पासवर्ड भूल गए?" से भी उसी नंबर पर लिंक आ जाता है।

फ़ाइल WhatsApp पर नहीं आई / गुम हो गई?

ऑर्डर पेज खोलकर "⬇ आपकी फ़ाइलें" से उतार लीजिए, या हमें ऑर्डर नंबर लिखिए — दोबारा भेज देंगे।

QR / भुगतान लिंक का समय निकल गया?

वही ऑर्डर पेज फिर खोलिए — नया QR आ जाएगा; ऑर्डर दोबारा करने की ज़रूरत नहीं।

किसी मतदाता का Voter ID पर्ची पर खाली है?

वे मतदाता आयोग की पूरक सूची में नए जुड़े हैं — आयोग की सूची में ही उनका क्रमांक नहीं है। नाम, पिता/पति, मकान नं. और क्रम संख्या से पहचान हो जाती है।

बिल / रसीद?

हर ऑर्डर का बिल PDF अपने-आप WhatsApp और ऑर्डर पेज पर आता है। GST नंबर चाहिए तो "आपकी जानकारी" में लिखिए।

पहले नमूना देखना है?

"क्या चाहिए" में "🆓 नमूना PDF — फ़्री" चुनिए — अपने क्षेत्र के पहले 15 मतदाताओं की पर्ची उसी डिज़ाइन में तुरंत (अलग गाइड)।

मदद चाहिए? कॉल या WhatsApp कीजिए

99833 33119

ऑर्डर नंबर (VS....) ज़रूर लिखिए